तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

2 नहरों की सफाई की जरुरत





बिलासपुर, सोमवार, 17 नवम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed.
(Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed
(Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed
(Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सचेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर


# जापानी इंसेफेलाइटिस को लेकर राहत भरी खबर, रिपोर्ट आई निगेटिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में जापानी इंसेफेलाइटिस को लेकर मंडरा रहे खतरे के बीच राहत भरी खबर आई है। जापानी बुखार को लेकर लिए गया लोगों के सैंपल के एलाइजा टेस्ट की रिपोर्ट निगेटिव आई है। रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

बता दें कि अक्टूबर महीने के पहले दिन ही सरगुजा जिले में जानलेवा वायरल जापानी इंसेफेलाइटिस की पुष्टि हुई थी। पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा जापानी इंसेफेलाइटिस के संदेह पर सरगुजा जिले के अंबिकापुर, लुंड्रा, बतौली, सीतापुर, मैनपाट क्षेत्र से 120 सूअरों के सैम्पल लिए गए थे और सैम्पल को जांच के लिए आईसीएआर निवेदी बेंगलुरु भेजा गया था। इस दौरान जांच में कुल 61 सैंपल में जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस की पुष्टि हुई है। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पशु चिकित्सा विभाग में हड़कंप मच गया है। पशु चिकित्सा विभाग की ओर से स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट कर चेतावनी जारी की थी और एसओपी का पालन करते हुए सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए है। जापानी इंसेफेलाइटिस की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड़ में है। यह वायरल मच्छर के काटने से फैलता है। ऐसे में सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को के निर्देश पर मलेरिया विभाग ने 14 अक्टूबर को ग्राम सकालो सूअर फार्म सहित आस पास के लोगों के कुल 23 सैम्पल लिए थे। इंसानों के सैंपल को जांच के लिए रायपुर एम्स भेजा गया था। विदित हो कि जापानी इंसेफेलाइटिस मच्छर से फैलने वाला विषाणु जनित रोग है जो जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस से होता है। यह सीधे तौर पर इंसान के मस्तिष्क को प्रभावित करता है और मस्तिष्क में सूजन पैदा करता है। यह गंभीर लेकिन टीका-रहित बचाव योग्य रोग है। आम तौर पर बारिश के समय मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है ऐसे में यदि कोई मच्छर जेई से संक्रमित सूकर को काटता है और फिर वही मच्छर इंसान को काटता है तो यह जेईवी बीमारी इंसान को हो जाती है लेकिन यह एक इंसान से दूसरे इंसान को नहीं फैलता है।

## संभावित खतरे के बीच लिए गए थे 23 लोगों के सैंपल, एम्स और फिर जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में हुई जांच

### एलाइजा टेस्ट रिपोर्ट भी निगेटिव

बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिन 23 लोगों के सैम्पल लिए गए थे उनमें से ज्यादातर की रिपोर्ट एम्स रायपुर से ही निगेटिव आ गई थी लेकिन कुछ लोगों को बुखार, सर्दी खांसी जैसे लक्षण थे ऐसे में संभावित लोगों के सैंपल को फिर से एलाइजा टेस्ट के लिए अधिकृत जगदलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। अब जगदलपुर मेडिकल कॉलेज से भी एलाइजा टेस्ट रिपोर्ट भी निगेटिव आई है जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभी भी लोगों को सावधानी बरतने की जरुरत है।



### रिपोर्ट आई है निगेटिव

जापानी इंसेफेलाइटिस वायरल के लिए लिए गए सैंपल को जांच के लिए पहले रायपुर फिर जगदलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। एलाइजा टेस्ट की रिपोर्ट भी निगेटिव आ गई है। फिलहाल लोगों को घबराने की जरुरत नहीं है।

- डॉ. पीएस मार्को, सीएमएचओ

## कराया गया पक्के हेलीपैड का निर्माण, तैयारियां जोरों पर

# गांधी स्टेडियम मैदान में एक साथ उतरेंगे राष्ट्रपति के तीन हेलीकॉप्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- सड़क मार्ग से जाएंगी कार्यक्रम स्थल पीजी कॉलेज मैदान तक

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के सरगुजा आगमन को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर शहर के गांधी स्टेडियम मैदान में उतरेगा। गांधी स्टेडियम में एक साथ तीन तीन हेलीकॉप्टर उतरेंगे। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से गांधी स्टेडियम को बंद करा दिया गया है और एक साथ तीन नए हेलीपैड का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षागत कारणों से स्टेडियम की चारों दिशाओं में लगे हाई मास्क लाईट हो भी उतारकर हटा दिया गया।

बता दें कि जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 20 नवम्बर को सरगुजा में होने जा रहा है। गौरव दिवस के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। इसके साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों के साथ ही अन्य अतिथि शामिल होंगे। गौरव दिवस व राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा वृहद पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। मुख्य कार्यक्रम पीजी कॉलेज मैदान में होगा जहां विशाल डोम का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू विशेष हेलीकॉप्टर से सरगुजा पहुचेंगी। राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर गांधी स्टेडियम मैदान में उतरेगा जिसके बाद वे सड़क मार्ग से पीजी कॉलेज मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी और एक घंटे तक सरगुजा में अपना समय बिताएंगी। राष्ट्रपति के आगमन हेतु गांधी स्टेडियम मैदान को हेलीपैड के लिए चुना गया है।

गांधी स्टेडियम मैदान में एक साथ तीन हेलीकॉप्टर उतरेंगे। राष्ट्रपति के आगमन व एक साथ तीन तीन हेलीकॉप्टर हेतु गांधी स्टेडियम मैदान में लोक निर्माण विभाग द्वारा तीन तीन पक्के हेलीपैड का निर्माण कराया गया है। इन हेलीपैड पर ही राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर उतरेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अब राष्ट्रपति गांधी स्टेडियम से ही रवाना होंगी।



गांधी स्टेडियम में तैयार हेली पेड।

### हटाए गए चारों हाई मास्क लाईट

राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर गांधी स्टेडियम में उतरेगा। ऐसे में सुरक्षागत कारणों से गांधी स्टेडियम मैदान में खिलाड़ियों के लिए नगर निगम द्वारा लगाए गए हाईमास्क लाईट हो हटा दिया गया है। मैदान के चारों दिशाओं में लगे हाई मास्क लाईट को हटाया गया है। हाई मास्क लाईट को हटाने के लिए 150 टन वाले हाइड्रा की जरुरत पड़ी जिससे काम लाईट को उतरवाने खर्च ही ढाई से तीन लाख रुपए तक आता है। हालांकि निगम अधिकारियों का कहना है कि 20 नवम्बर के बाद फिर से हाईमास्क लाईट को अपने स्थान पर स्थापित कर दिया जाएगा।

### आम नागरिकों के लिए बंद हुआ गांधी स्टेडियम

राष्ट्रपति सरगुजा आने पर सबसे पहले गांधी स्टेडियम स्थित हेलीपैड में ही उतरेंगी। ऐसे में हेलीपैड निर्माण व अन्य सुरक्षागत कारणों से गांधी स्टेडियम को बंद कर दिया गया है। 14 नवम्बर से ही आम नागरिकों के प्रवेश को रोक दिया गया है और पुलिस बल की मौजूदगी में हेलीपैड का निर्माण किया गया। आम लोगों के लिए गांधी स्टेडियम बंद होने से फिलहाल 20 नवम्बर तक लोग स्टेडियम में खेलने या टहलने के लिए नहीं आ सकेंगे। ननि आयुक्त डीएन कश्यप ने बताया कि फिलहाल आम नागरिकों के लिए स्टेडियम को बंद किया गया है और कार्यक्रम के बाद मैदान को यथावत करने के साथ ही हाईमास्क लाईट लगाया जाएगा और आम नागरिकों को फिर से प्रवेश की अनुमति मिल सकेगी।

# प्लास्टिक कचरा उठाने वाले युवकों ने की थी ऑक्सीजन प्लांट के तांबा पाइप की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट से तांबा की पाइप चोरी करने वाले को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। प्लास्टिक कचरा एकत्रित करने वाले दो युवकों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किया गया तांबा का पाइप बरामद किया है।

बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में लगे ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट से 8 व 15 नवम्बर को अज्ञात चोरों ने 28 व 25 फीट लम्बे तांबा पाइप की चोरी कर ली थी। पाइप चोरी करने से ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट में काम काज ठप हो गया था। इधर इस मामले में प्रबंधन ने मणीपुर थाना में शिकायत दर्ज की थी। शिकायत के बाद पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बादल कुशवाहा और शनी सोनी तांबा पाइप लेकर बिक्री के लिए ग्राहक ही तलाश में घूम रहे है। ऐसे में पुलिस ने घेराबंदी कर एमसीबी चिरमिरी बड़ी बाजार हाल मुकाम बाबुआरा अटल आवास नवासी 23 वर्षीय बादल कुशवाहा आ. मंगल कुशवाहा व एमसीबी मनेन्द्रगढ़ काली मंदिर रोड हाल मुकाम जोड़ा तालाब रोड निवासी 20 वर्षीय शनी सोनी आ. स्व. संतोष सोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे प्लास्टिक का कचरा एवं कार्टून उठाते का काम करते है। इसी दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में तांबा का पाइप देखा था। आरोपियों ने पहले 8 नवंबर को तांबा तार की चोरी कर 12 सौ रुपए में बेच दिया था और आपस में बांट लिया। खाने पीने में रुपए खर्च होने के बाद 15 नवंबर को फिर से उन्होंने अस्पताल परिसर से तांबा पाइप की चोरी की और बस स्टैंड के पीछे झाड़ी में छिपाकर रखा था।



पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर आरोपियों से तांबा पाइप के टुकड़े बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अलग अलग प्रकरण में बीएनएस की धारा 303(2), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### जेई के घर चोरों का धावा, पार किया नगदी समेत 60 हजार के जेवर

**अम्बिकापुर।** बिजली विभाग के जेई के घर के चोरों ने धावा बोलकर नगदी समेत लगभग 60 हजार कीमत के जेवर पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सुभाष नगर निवासी प्रमोद कुमार सेठ आ. स्व. राजेन्द्र कुमार सोनी बिजली विभाग में जेई के पद पर पदस्थ है। 11 नवम्बर की दोपहर घर में ताला लगाकर कार सर्विसिंग कराने चले गए। इसी बीच शाम को बच्चे घर लौटे तो देखा दरवाजे में लगा ताला टूटा और कमरे में सामान बिखरा हुआ था। घटना की जानकारी लगने पर प्रमोद कुमार घर आकर सामान का मिलान किया तो पता चला की अलमारी में रखे नगद 15 हजार के अलावा लगभग 60 हजार कीमत के सोने चांदी के जेवरात गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### एक लाख कीमत के 2 सौ नग इंजेक्शन जब्त

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय उड़न दस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चंद्रेली निवासी रामबरत रवि अपने घर में भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर उड़नदस्ता की टीम ने तत्काल रामबरत के घर दबिश दी। जैसे ही उड़नदस्ता की टीम रामबरत के घर पहुंचा तभी रामबरत एक झोला लेकर घर से निकलकर भागने लगा जिसे दौड़ा कर पकड़ा गया। उसके द्वारा पकड़े गए झोले की तलाशी लेने पर उसमें 1 लाख कीमत के 2 सौ नगर नशीला इंजेक्शन मिला। उड़नदस्ता की टीम ने युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से नशीला इंजेक्शन को जब्त कर लिया। उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत मामला दर्ज कर प्रतापपुर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक तेजराम केहरी, मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक अंजू एक्का सक्रिय रही।

### कार की टक्कर से बालिका की मौत चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम तेलगांव निवासी श्याम लाल राजवाड़े आ. जय लाल राजवाड़े (30 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 15 नवम्बर की दोपहर भतीजी तान्या राजवाड़े घर के सामने सड़क पर खेल रही थी। इसी दौरान भटगांव की ओर से आ रहे कार क्रमांक सीजी 15 बी 5037 का चालक पंकज कुमार त्रिपाठी कार लापरवाही पूर्वक चलाते हुए तान्या को टक्कर मार दी जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। बालिका को तत्काल भटगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध धारा 184, 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# संजयनगर में अज्ञात कार चालक ने ढाबा कर्मचारी को कुचला, मौके पर हुई मौत

**बिश्रामपुर।** पैदल सड़क पर चल रहे एक ढाबा कर्मचारी को अज्ञात कार चालक ने टक्कर मारते हुए गाड़ी से कुचल दिया,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है,जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम संजयनगर स्थित बंगाली ढाबा के समीप ढाबा में कार्यरत कर्मचारी भटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम श्यामनगर निवासी 43 वर्षीय लक्ष्मण राजवाड़े रविवार की शाम पैदल किसी कार्य से कालीघाट की तरफ जा रहा था,इसी दौरान एन एच 43 पर अज्ञात कार चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कर्मचारी को कुचलते हुए कुछ दूरी तक घसीटते हुए मौके से फरार हो गया है। घटना में कर्मचारी के सिर,बाएं पैर व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई है, सूचना पर जयनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवेचना शुरू कर दी है।



# बियर केन के ब्रांड स्टीकर हटाने पर दूसरी कम्पनी का रैपर दिखा, मदिरा प्रेमियों ने मचाया हंगामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- ग्राहक ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में किया वायरल, आबकारी विभाग ने गलती मानते हुए सम्बंधित कम्पनी की बिक्री को किया प्रतिबंधित

सूरजपुर आबकारी विभाग की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं,जिनसे विभाग की लापरवाह कार्यशैली पर फिर से सवाल उठने लगे हैं, शनिवार को लटोरी स्थित शासकीय शराब दुकान में एक ग्राहक ने एक कम्पनी का बियर केन ख़रीदा,इसमें एक के ऊपर डबल रैपर चिपके होने की शंका होने पर चाबी से केन के ऊपर लगे स्टीकर को हटाया गया,ब्रांड स्टीकर हटाने पर ग्राहक अचंभित हो गया,स्टीकर के भीतर एल्युमीनियम परत दिखने के बदले दूसरे कम्पनी का ब्रांड नाम चिपका हूआ निकला,इस दौरान घटना की लाइव वीडियो दूसरा साथी बना रहा था,जिस वीडियो को पीड़ति ग्राहक ने सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया,इसके साथ ही मिलावट व डुबलीकेट सामान बेचे जाने का आरोप लगाते हुए नाराज मदिरा प्रेमियों ने शासकीय शराब दूकान लटोरी में हंगामा करना शुरू कर दिया,मामले की भनक लगने पर सूरजपुर आबकारी विभाग ने मामले की पड़ताल की तो मामला सही पाए जाने पर सम्बंधित ब्रांड की बियर केन को जांच पूर्ण होने तक बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है एवं छत्तीसगढ़ रायपुर स्थित उच्च अधिकारीयों को मामले की जानकारी देते हुए जांच प्रारम्भ कर दी गई है।मामले में सूरजपुर आबकारी विभाग द्वारा रायपुर फैक्ट्री से ही सप्लाई त्रुटि होने की बात कही जा रही है।

इस सम्बन्ध में प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी सूरजपुर अनिल मित्तल से सम्पर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाने से उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

### चल रहा कमीशन का बड़ा खेल,स्टॉक गुणवत्ता की नहीं होती जांच

गौरतलब है कि जिस बियर केन के भीतर दो रैपर चढ़े हुए पाए गये,उस कम्पनी की 1200 की संख्या में केन बियर की सप्लाई हाल ही में जिले की 4 शासकीय शराब दुकानों में की गई है,अब मामला उजागर होने पर बिक्री पर फिलहाल प्रतिबन्ध लगा दिया गया है,प्राप्त जानकारी अनुसार सूरजपुर आबकारी कार्यालय से मदिरा व बियर मांग को देखते हुए सम्बंधित कम्पनी का डिमांड नोट बनाकर उसी कम्पनी का डिमांड भेजा जाता है जो आबकारी विभाग को अधिक खुश रख पाता है,तत्पश्चात स्टॉक कम्पनी से सप्लाई पहुँचने पर इसकी गुणवत्ता की जांच कभी नहीं की जाती,बता दें कि मिलावटी शराब बिक्री करने के कई मामले शिवनन्दनपुर, प्रतापपुर समेत अन्य शासकीय शराब दुकानों में भी पूर्व में पकड़े जा चुके हैं।

## चार वाहनों से जब्त किए गए थे 274 बोरी धान, वाहन और खाद्यान्न भी राजसात

# अवैध धान परिवहन और संग्रहण पर प्रशासन सख्त, दर्ज किया गया अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर/वाड्रफनगर

जिले में अवैध रूप से धान परिवहन करने वालों पर अब प्रशासन सख्त हो गया है। चार अलग अलग मामलों में जिला प्रशासन ने जब्त किए गए 274 बोरी धान जब्त करने के साथ ही वाहन चालक व वाहन स्वामियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। प्रशासन द्वारा जब्त किए गए वाहन और खाद्यान्न को भी राजसात कर लिया है।

बता दें कि धान खरीदी शुरू होने के पहले ही जिले में कोचिए सक्रिय हो गए है। कोचिए बाहर का धान लाकर आस पास की समितियों में खपाने के लिए बड़े पैमाने पर अवैध धान का परिवहन करने के साथ ही भंडारण कर रहे है। ऐसे में कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन व भंडारण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। वाड्रफनगर एसडीएम नीर निधि नंदेहा ने बताया कि 13 नवंबर को 3 पिकअप वाहन पकड़े गए, जिनमें लगभग 210 बोरी अवैध धान भरा हुआ पाया गया था जिस पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए वाहनों में पिकअप क्रमांक यूपी 64 टी 9238, यूपी 64 टी 3588 एवं यूपी 64 बीटी 2116 शामिल हैं। वहीं 26 अक्टूबर को पिकअप वाहन क्रमांक 64 बीटी 0835 से 64 बोरी अवैध धान जब्त किया गया था। धान का अवैध रूप से परिवहन और संग्रहण राज्य सरकार की स्पष्ट नीति का उल्लंघन है। जिसमें केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय कृषकों द्वारा उत्पादित धान की खरीदी वैध मानी गई है। उक्त कृत्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 61 (आपराधिक षड्यंत्र) एवं धारा 318 (छल) के परिधि में दण्डनीय है। इसके अतिरिक्त यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के धारा 07 के अंतर्गत अवैध विक्रय भण्डारण एवं परिवहन के श्रेणी में आता है, जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के धारा 10 (क) के अधीन संज्ञेय अपराध है। उन्होंने बताया कि उक्त चारों वाहन स्वामियों और चालाक के खिलाफ अपराध दर्ज करने के साथ ही वाहन व खाद्यन्न को राजसात करने की कार्रवाई की गई है।



### उत्तर प्रदेश से आ रही 2 पिकअप से 200 धान जब्त

जिले में अवैध धान परिवहन के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर जिले में कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान एसडीएम रामानुजगंज आनंद राम नेताम के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा दूसरे प्रदेश से आ रहे 2 पिकअप अवैध धान को जब्त किया है। टीम ने लगभग 4,5 किलोमीटर पीछा कर वाहनों को पकड़ा है। दोनों वाहन के चालक धान के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए ऐसे में धान व वाहन को जब्त कर थाना में सुपुर्द किया गया है।

# आग से झुलसने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर दो महिला की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आग तापने के दौरान आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलसी दो महिलाओं की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कमलेश्वरपुर अंतर्गत ग्राम सुपलगा निवासी परमेश्वरी नायक पति नंदलाल (65 वर्ष) 31 अक्टूबर की तड़के 4 बजे चूल्हा में आग जला कर बैठे थे। कुछ समय बाद पति सोने चला गया जबकि पत्नी चूल्हा के पास बैठी थी। इसी बीन नींद की झपकी आने से महिला आग पर गिर गई जिससे झुलस गई। परिजन महिला का उपचार घर पर ही करने लगे। 15 नवम्बर को महिला की तबीयत बिगड़ने पर परिजन कमलेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम जोबगा निवासी लीला बरवा पति राम दास (35 वर्ष) 14 नवम्बर की शाम घर में हीटर जला कर बैठी थी जबकि पति धान मिसाई करने गया था। पति जब घर आया तो देखा पत्नी हीटर के आग से गंभीर रूप से झुलसी थी। परिजन महिला को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है।

## खबर संक्षेप

### बाल दिवस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता



**मनेन्द्रगढ़।** बाल सप्ताह के अवसर पर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुश्री कोमल सिंह द्वारा तैयार की गई थी। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लिया। आकर्षक रंगोलियों के माध्यम से छात्राओं ने सामाजिक संदेश, बाल अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा बाल विवाह उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

### कटकोना में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 23 को

**पटना।** युवा स्वास्थ्य टीम के द्वारा खजुराहील स्कूल कटकोना में 23 नवंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें डॉ.रितेश कुशवाहा, डॉ.शास्वती संतरा, डॉ. शिवानी अग्रवाल एवं डॉ.निष्ठा अग्रवाल व उनकी टीम अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में सामान्य एवं मौसमी बीमारियों का उपचार, गंभीर बीमारियों के लिए उचित सलाह, महिलाओं से संबंधित रोगों का उपचार एवं सलाह, मुख एवं दांत संबंधी रोगों का उपचार एवं सलाह, शुगर, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन सैचुरेशन, पल्स वजन, आदि की जांच की जाएगी।

### किसानों की सुविधा के लिए खुले सहायता केन्द्र



**बैकुण्ठपुर।** खरीफ वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन कार्य को सुचारू और किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सोनहत अनुविभाग के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों में कृषक सहायता केन्द्र स्थापित किए गए हैं। एग्रीस्टैक, एकीकृत किसान पोर्टल, रकबा संशोधन तथा धान उपार्जन से जुड़ी अन्य तकनीकी व प्रपत्र संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इन सहायता केन्द्रों की स्थापना की गई है। कृषि समितियों के अंतर्गत आने वाले हलकों के पटवारियों की ड्यूटी भी इन केन्द्रों में लगाई गई है, ताकि किसानों को त्वरित सहायता उपलब्ध हो सके। इन कृषक सहायता केन्द्रों से किसानों को पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन, तकनीकी मार्गदर्शन और उपार्जन प्रक्रिया में आ रही समस्याओं के त्वरित समाधान में बड़ी राहत मिलेगी। प्रशासन का कहना है कि इससे धान खरीदी प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी बनेगी।

### पहले दिन किसानों ने 260 क्विंटल बेचा धान



**सोनहत।** खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से जिले में शुरू हो चुकी है। इसके पहले दिन सोनहत विकासखंड के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों ने उत्साहपूर्वक धान बेचा। सोनहत धान खरीदी केन्द्र में एक किसान द्वारा 100 क्विंटल, कटगोड़ी केन्द्र में 24 क्विंटल 80 किलो तथा रजौली धान खरीदी केन्द्र में 80 क्विंटल धान की बिक्री हुई। जिले में पंजीकृत किसानों के एक-एक दाना धान की खरीदी सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा सभी 21 उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक एवं माकूल व्यवस्थाएं की गई हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी, कलेक्टर-एसपी समेत कई हुए शामिल

# खरवत से मिनी स्टेडियम तक निकला यूनिटी मार्च

**बैकुंठपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक आयोजित यूनिटी मार्च कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन स्वामी आत्मानंद हिंदी उत्कृष्ट स्कूल खरवत से शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक शाला तक किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता छग के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की।

जिला प्रशासन एवं खेल तथा युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मार्च में करीब 5 किमी की पदयात्रा के दौरान सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। वंदे मातरम और सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहें के नारों से पूरा बैकुंठपुर शहर गूंज उठा। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि भारत की खूबसूरती उसकी अनेकता में एकता है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने 565 रियासतों का शांतिपूर्ण विलय कर भारत के एकीकरण में ऐतिहासिक योगदान दिया, इसी कारण उन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। उन्होंने जूनागढ़, हैदराबाद और जम्मू-कश्मीर जैसी जटिल रियासतों के एकीकरण में अहम भूमिका निभाई, जिससे भारत एक सशक्त राष्ट के रूप में उभरा। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और विश्व गुरू बनाने के लिए सांस्कृतिक एकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के अधिकाधिक उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे देश की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। यूनिटी मार्च में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत के अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, नगर पंचायत पटना अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, सुभाष साहू, गीता राजवाड़े, अनिल खटिक, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, नगरीय निकाय व पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, खेल संगठन, युवा, विद्यार्थी और विभिन्न समुदायों के लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे।



यूनिटी मार्च में शामिल स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व अन्य ।

### विहिप और बजरंग दल का रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल बैकुंठपुर द्वारा रविवार को रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पदयात्रा खरवत से प्रारंभ होकर रामानुज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची। इसमें अमित श्रीवास्तव, जय चक्रधारी, देवेन्द्र तिवारी, केबी जायसवाल, शारदा गुप्ता, शशि प्रकाश जायसवाल, सत्येन्द्र राजवाड़े, तीरथ राजवाड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से आनंद तिवारी,राम साहू, अथर्व श्रीवास्तव, राजी घोष, मूलचंद, चंद्र प्रताप सिंह, लेहरे कुमार, प्रदीप राजवाड़े, लल्ला यादव, रतनेश द्विवेदी, सोना नाविक, रोहित खस, शिव बालक राजवाड़े आदि सक्रिय रहे।





नहर के बीच में उगा खरपतवार।

# नहरों की सफाई की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

धान कटाई के साथ ही रबी फसलों की तैयारी शुरू हो जाती है, कुछ रबी की फसलों के लिए खेत तैयार होने लगे हैं। धान कटाई के बाद रबी फसलों के लिए जोत तैयार किए जाएंगे।

▪ धान कटाई के बाद रबी फसल के बोनी की होगी तैयारी

रबी की प्रमुख फसल में गेहूं की बोआई कुछ दिनों बाद चालू हो जाएगी। बरसात अब समाप्त हो गया है, ऐसे में रबी की फसलों के लिए पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन कई क्षेत्रों में विस्तारित नहरों की साफ-सफाई नहीं हो पाई है, जिससे नहरों के माध्यम से पर्याप्त पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाएगा। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी नहरों के साफ-सफाई को लेकर अब तक सजग नहीं है। जानकारी के अनुसार झुमका बांध से निकली नहर जो शहर से लगे केनापारा, जामपारा तक जाती है, वहीं बीच से छोटी नहर मझगवां की ओर भी जाती है। इन नहरों की अब तक साफ-सफाई नहीं हो पाई है। नहरों में घास झाड़ियां उग आई है, जो पानी के बहाव को रोकने का काम करते हैं, ऐसे में विस्ताावित नहर के अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी नहीं मिलने वाला है, ऐसे में नहर क्षेत्र के खेतों को पर्याप्त पानी मिलना मुश्किल होगा।

### बिक्री के लिए आंवला...



बैकुण्ठपुर। ठंड के सीजन शुरू होने के साथ ही विटामिन सी से भरपूर आंवला शहर के बाजार में बिकने लगा है। एक ठेले में व्यापारी 100 रूपए में तीन किलो के दर से आंवला विक्रय किया जा रहा है।

### विद्यार्थियों ने नीलम सरोवर पार्क में मनाया बाल दिवस

**मनेन्द्रगढ़।** लिटिल मिलेनियम प्री-स्कूल और अलास्का पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बाल दिवस के उपलक्ष्य में नीलम सरोवर पार्क का शैक्षणिक भ्रमण किया। लिटिल मिलेनियम के नर्सरी से केजी 2 तक और अलास्का पब्लिक स्कूल के कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। स्कूल प्रबंधन द्वारा व्यवस्थित बसों से पहुंचे विद्यार्थियों के लिए पार्क में नाश्ते और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों को पार्क में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के फूलों, पौधों और वृक्षों की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों ने झूलों और स्लाइड्स पर खेलकर बाल दिवस का भरपूर आनंद लिया।

### कन्या महाविद्यालय में आनंद मेला

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष नीलू जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर नीलू जायसवाल ने कहा कि शैक्षिक संस्थाओं में ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि आनंद मेला छात्राओं को अपनी नैसर्गिक पाक-कला का प्रदर्शन करने और थोड़ी धनराशि अर्जित करने का मौका देता है। ऐसे आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उनमें आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। महाविद्यालय के प्रमुख डॉ. रामकिंकर पाण्डेय ने जानकारी दी कि जल्द ही अन्य आयोजन भी किए जाएंगे, जिनसे छात्राओं को बहुत कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। इस मेले में जन भागीदारी सदस्य सुधा सोनी उपस्थित रही। तमन्ना परवीन, कंचन तिवारी, हेमवती, अंशिका, सुहाना साहू, मुस्कान रजक, काजल, शिखा बर्मन और पल्लवी सहित कई छात्राओं ने चाय, कॉफी, चाट, इडली, ढोकला, मोमोज और भेलपूरी जैसे विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए। महाविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने मेले में आकर इन स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लिया और छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।

# पीलिया से मौत : 20-20 लाख मुआवजा की मांग

**चिरमिरी।** नगर निगम चिरमिरी के छोटाबाजार क्षेत्र में जुलाई - अगस्त के महीने में गंदे एवं दूषित पानी के सप्लाई के कारण पीलिया की बीमारी फैल गई थी।

▪ पूर्व मेयर रेड्डी ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

एसईसीएल एवं नगर निगम के पाइप लाईनों से संक्रमित पानी तथा साफ-सफाई की बद-इंतजामी के कारण फैले बीमारी से न केवल लोग उल्टी-दस्त, बुखार एवं पीलिया से परेशान हुए बल्कि तीन नौजवान लोगों की मृत्यु भी हो गई। इसे लेकर जनदर्शन कार्यक्रम में चिरमिरी के पूर्व महापौर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष के. डोमरू रेड्डी ने कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में जनदर्शन सुनवाई कर रहे अपर कलेक्टर अनिल सिदार के समक्ष संपूर्ण घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कलेक्टर को संबोधित अपने पत्र में कहा है कि चिरमिरी शहर में पीलिया की बीमारी फैलने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई है और लगभग 500 लोग संक्रमित होकर अस्पतालों में इलाज कराने के कई दिनों बाद स्वस्थ हो पाए हैं। यह विकराल परिस्थिति प्रशासनिक लापरवाही और शासन की नीतियों के सही क्रियान्वयन न हो पाने के कारण ही निर्मित हुई है। इसमें बीमारी की चपेट में आए लोगों का क्या दोष, इसलिए इस मामले में जिम्मेदारी तय की जाकर कार्रवाई किया जाना आवश्यक है, साथ ही पूर्व महापौर ने स्वास्थ्य मंत्री के एफआईआर करवाने की बात को कोड करते हुए एफआईआर कराने की मांग दोहराई है। मुआवजे की मांग पर कांग्रेस नेता श्री रेड्डी ने अपने पत्र में लिखा है कि हम शासन और प्रशासन से मांग करते हैं कि तीनों मृतक के परिजन को 20-20 लाख रूपए का मुआवजा दिया जाए। यह मुआवजा उनके परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करेगा और उन्हें इस कठिन समय में सहारा देगा।



चर्चा करते पूर्व महापौर के. डोमरू रेड्डी।

# बीएलओ के सहयोग के लिए लगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चुनाव आयोग के निर्देश पर कोरिया जिले में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण का कार्य शहर से लेकर गांव-गांव में हो रहा है, इसके लिए शिक्षकों को बीएलओं बनाया गया है जो मतदाताओं के घर-घर जाकर पुनरीक्षण का कार्य कर रहे हैं, इसके चलते जिले के कई विद्यालयों में बच्चों का पढ़ाई प्रभावित हो रहा है।

मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य में बीएलओं का सहयोग करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भी ड्यूटी लगा दी गई है, इससे आंगनबाड़ी केन्द्रों की गतिविधियां भी प्रभावित होने लगी है और आंगनबाड़ी केन्द्र सहायिकाओं के भरोसे ही किसी तरह संचालित हो रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के एसआईआर कार्य में बीएलओं के सहयोग के लिए ड्यूटी लगाए जाने से आंगनबाड़ी केन्द्रों में बुनियादी शिक्षा के साथ पोषण आहार भी प्रभावित होना तय है। मिली जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एसआईआर में बीएलओं के सहयोग के लिए ड्यूटी लगा उन्हें विभागीय कार्यो से मुक्त रखने के निर्देश हैं।

#### वजन त्यौहार पर भी पड़ेगा असर

जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों में 15 नवंबर से वजन त्यौहार मनाने की तैयारी भी करनी है, लेकिन आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता एसआईआर कार्य में संलग्न कर दिए गए हैं, जो कि जरूरी कार्य में शामिल है, इससे केन्द्र में सहायिका के भरोसे वजन त्यौहार मनाई जाएगी। ऐसे में निश्चित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालित गतिविधियों के सुव्यवस्थित तरीके से संचालन में बाधा आएगी और रिपोर्टिंग भी प्रभावित होगी और सहायिकाओं के भरासे महिला बाल विकास विभाग का वजन त्यौहार अभियान कितना सफल होगा इस पर भी संशय है।

### विश्व मधुमेह दिवस पर 102 लोगों का निःशुल्क जांच

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बंजी अंतर्गत ग्राम पाराडोल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसे गैर-संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्राम के सरपंच द्वारा किया गया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों की जांच प्रक्रिया प्रारंभ की। नोडल अधिकारी डॉ.नम्रता चक्रवर्ती के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस निःशुल्क शिविर में मधुमेह जांच, उच्च रक्तचाप जांच तथा अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। कुल 102 हितग्राहियों ने इस शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। जांच के दौरान 34 व्यक्ति उच्च रक्तचाप से ग्रस्त पाए गए, वहीं 21 हितग्राही मधुमेह के मरीज मिले। शिविर की सतत मॉनिटरिंग सहायक नोडल अधिकारी अवनीश पांडे और जिला कार्यक्रम समन्वयक राजेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा की गई।

# शहर में साइकल रेस, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सेव अवर ऐलिंग वर्ल्ड थीम पर साइकिल रेस का आयोजन किया गया। इस रेस में विद्यालय के चारों सदनों के छात्र-छात्राओं सहित शहर के प्रतिष्ठित एवं गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

रेस की शुरूआत विशेष प्रातः सभा के द्वारा हुई। प्रातः सभा में सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी एवं निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह सहित सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया एवं राष्ट के प्रति प्रतिबद्धता एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए शपथ ली गई। कार्यक्रम के अगले चरण में सभी प्रतिभागियों को फीता काट कर साइकल दौड़ के लिए रवाना किया गया। यह दौड़ शहर के सभी प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस विद्यालय में समाप्त की गई। मनेन्द्रगढ़ पुलिस की सजग एवं सकर्त भागीदारी से यह रेस सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी। प्रतिभागियों द्वारा विद्यालय पहुंचने के पश्चात सभी को बहुउद्देशीय हॉल में बैठाया गया एवं मेडल, ट्राफी तथा प्रमाण पत्रों द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर टैगोर सदन के छात्र गौरव केवट रहे। वहीं द्वितीय आर्यभट्ट सदन के छात्र अभिजीत शांडिल्य, तृतीय स्थान पर पुनःटैगोर सदन के छात्र यशराज ने अपना नाम सुनिश्चित किया। छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान पर आर्यभट्ट सदन की छात्रा रोहिणी बघेल रहीं, द्वितीय स्थान पर टैगोर सदन की छात्रा समृद्धि वर्मा रही तथा तृतीय स्थान पर पुनः टैगोर सदन की छात्रा त्रिवेणी पैकरा ने कब्जा जमाया। विद्यालय को संबोधित करते हुए मनेन्द्रगढ़ साइकलिंग ग्रुप के संस्थापक सतीश द्विवेदी ने बच्चों को पर्यावरण केक महत्व और जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलावों के माध्यम से पृथ्वी को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। संस्था की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्रीन वैली फाउंडेशन के सदस्य सीपी गुप्ता, रेडक्रॉस सोसाइटी मनेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष शैलेश जैन, हर्बल लाइफ की अंतरराष्टीय कोच श्रीमती ममता राणा सहित सभी गणमान्य अतिथियों ने बच्चों को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक बनने का संदेश दिया।



सेव अवर ऐलिंग वर्ल्ड थीम पर आयोजित साइकिल रेस प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं।

### सब्जियों की कीमतों में एकाएक हुई बढ़ोतरी

# फिर से टमाटर के दाम हुए लाल, किलो में 60 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

टमाटर का भाव इस सीजन में गिरने की बजाय और बढ़ता जा रहा है। शहर के बाजार में दो-तीन दिनों पूर्व टमाटर 40 रूपए बिक रहा था, लेकिन एकाएक गुरूवार से टमाटर का भाव अर्द्धशतक पार कर 60 रूपए किलो बिकने लगा।

अचानक से टमाटर के दाम में 20 रूपए की बढ़ोतरी से सभी लोग चकित हो गए। इसके कुछ दिनों पूर्व टमाटर 30 रूपए तक कई दिनों तक बिकता रहा और फिर 10 रूपए बढ़ोतरी होकर 40 रूपए किलो बिकने लगा, फिर एकाएक 20 रूपए की बढ़ोतरी कर 60 रूपए किलों की दर से शुक्रवार से बिकने लगा। यही भाव रविवार साप्ताहिक बाजार दिवस भी बना रहा, जबकि अब स्थानीय स्तर से भी टमाटर निकलने लगा है, लेकिन वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग धान कटाई में व्यस्त है और बाजार में ज्यादा नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसी स्थिति में मांग को पूरा करने के लिए बाजार में बाहर से टमाटर का आयात किया जा रहा है, इसके चलते टमाटर के भाव घटने की बजाय आसमान चढ़ते जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि टमाटर हर घर के रसोई की जरूरत है, प्रत्येक प्रकार के सब्जियों में टमाटर का उपयोग होता है, इसके अलावा सलाद में भी उपयोग किया जाता है। अब टमाटर के भाव तेज होने से लोग एक किलो की बजाया इससे कम मात्रा में खरीदी कर रहे हैं।



#### अन्य सब्जियों के दाम भी कम नहीं

बाजार में टमाटर ही नहीं बल्कि अन्य सब्जियों के दाम भी आसमान पर चढ़ा हुआ है। वर्तमान में सेम की कीमत भी 80 से 100 रूपए बिक रही है, जबकि सेम का सीजन अभी है, इसके अलावा फूल गोभी 60 रूपए, नया आलू 60 रुपए, बैगन 60 रुपए, कच्चा केला 40 रूपए बिक रहा है, इसके अलावा अन्य सब्जियों के भाव भी तेज है, वहीं लाल भाजी भी 40 रूपए की दर से विक्रय किया जा रहा है। ठंड के सीजन में सब्जियों की आवक बढ़ती है, बावजूद इसके इस समय सब्ज्यिों के दाम ऊंचे हैं।

# अवैध कच्ची शराब के धंधे पर लगाम नहीं



**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र में अवैध कच्ची और महुआ शराब का कारोबार पुलिस की लगातार सख्ती के बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है।

चिरमिरी पुलिस द्वारा नशे के कारोबारियों के विरूद्ध लगातार दबिश, गिरफ्तारियां और जुलूस निकालकर जेल भेजने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं, फिर भी अवैध शराब माफिया नए तौर तरीके अपनाकर कारोबार जारी रखे हुए हैं। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि पुलिस मुहिम के चलते कुछ दिनों के लिए गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं, लेकिन बाद में अवैध शराब बेचने वालों के हौसले फिर मजबूत हो जाते हैं। कई इलाकों में अब भी महुआ शराब की सप्लाई और खुलेआम बिक्री जारी रहने की शिकायतें मिल रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार इन कारोबारियों को पकड़ना जितना कठिन है, उससे कहीं अधिक मुश्किल है उनकी लगातार बदलती तरकीबें। हर कार्रवाई के बाद वे नए ठिकाने और नए सप्लाई रूट तैयार कर लेते हैं, जिससे यह अवैध व्यापार पूरी तरह खत्म नहीं हो पा रहा। मनोज दास का कहना है कि लगातार अवैध शराब की बिक्री बढ़ रही है जो समाज के लिए घातक है। कार्रवाई हो रही है, लेकिन कारोबार नहीं रूक रहा, यह चिंतनीय है। ठोस कदम उठाने की जरूरत है। वहीं सतीश यादव का कहना है कि प्रशासन चाहे तो गलत काम रूक सकता है। जनता प्रशासन के साथ है, अवैध कारोबार बंद होना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### स्वर्गीय काका लरंगसाय चौक का किया गया लोकार्पण

**रामानुजगंज।** जिला मुख्यालय बलरामपुर में स्वर्गीय काका लरंगसाय चौक का कृषि मंत्री माननीय रामविचार नेताम द्वारा लोकार्पण किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव, नगर पालिका अध्यक्ष लोधी राम एक्का, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, पार्षद गौतम सिंह, राकेश सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, जिला मीडिया सह प्रभारी अजय यादव, अमित गुप्ता, मंगलम पाण्डेय, नगर पालिका अधिकारी प्रणव राय उपस्थित थे।

### प्रधान पाठक के जन्मदिन एवं सेवानिवृत्त पर कराया न्योता भोज



**भैयाथान।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटरापारा में प्रधान पाठक अंबिकेश्वर प्रसाद साहू के 62वें जन्म दिवस एवं सेवानिवृत्ति अवसर पर भव्य न्योता भोज का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले श्री साहू के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओं, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों तथा नागरिकों की भारी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने श्री साहू का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। उपस्थित लोगों ने उनके शिक्षकीय जीवन, अनुशासन, सेवाभाव और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंबिकेश्वर प्रसाद साहू ने अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत कोरिया जिले से की थी। उन्होंने टेंगनी जुनापारा में प्रथम पदस्थापना के पश्चात सोरंगा, तेंदुआ, आनी, सिंहपानी, बेलार्ड, धनेशपुर जैसे विद्यालयों में सेवा देते हुए अंततः अपने गृह क्षेत्र खुटरापारा में सेवानिवृत्ति प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में सौहार्द, सम्मान और भावनात्मकता से भरा माहौल देखने को मिला।

### जीडी गोयंका हेल्थकेयर अकादमी एवं संकल्प अस्पताल में मनाया गया बाल दिवस



**अंबिकापुर।** जीडी गोयंका हेल्थकेयर अकादमी और संकल्प अस्पताल द्वारा बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान दोनों संस्थानों में बच्चों एवं छात्रों के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गई। छात्रों और स्टाफ ने सांस्कृतिक गतिविधियों, भाषणों और मनोरंजक प्रस्तुतियों से वातावरण को उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर निदेशक डॉ. संजय गोयल ने बच्चों, छात्रों और स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे हमारी प्रेरणा हैं, और उनकी जिज्ञासा, ऊर्जा और सीखने की भावना हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत सफलता की पहली शर्त है। निरंतरता किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, मेहनत और धैर्य ही व्यक्ति को आगे बढ़ाते हैं। बाल दिवस पर संकल्प अस्पताल में छोटे बच्चों के लिए विशेष मनोरंजक खेल आयोजित किए गए जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके साथ ही बाल दिवस कर केक काटकर खुशियां मनाई गई।

## निधन

### धीरेन्द्र पंत

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल आवासीय 1- सी कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त कार्यालय अधीक्षक



धीरेन्द्र पंत का निधन हो गया,वे 75 वर्ष के थे,उनका अंतिम संस्कार रविवार को ग्राम कुरवाँ रिहंद नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया गया, वे भुवन पंत,राजीव पंत सहित पांच भाई एवं एक बहन में सबसे वरिष्ठ भ्राता थे,वे अपने पीछे भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।

## कन्या परिसर मोड़ स्थित रिंग रोड पर बनेगा भगवान बिरसा मुंडा चौक

# धूमधाम से मनाया गया भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस



कार्यक्रम में शामिल समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर गंगापुर खुर्द में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिरसा मुंडा युवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों और संघर्षों को याद किया गया। समारोह में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और कार्यों पर चर्चा की गई, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया किया गया। समाज के बैगाओ द्वारा भगवान बिरसा मुंडा का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मंजूषा भगत उपस्थित रहीं। मंजूषा भगत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा ने देश की परंपरा का निर्वहन करते हुए जल जंगल जमीन को बचाने के लिए अपने प्राण की कुर्बानी दे दी। उन्होंने कहा कि उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। उन्होंने बिरसा मुंडा चौक का नामकरण किया और आने वाले समय में चौक में मूर्ति स्थापित करने की घोषणा की। कार्यक्रम में मुंडा समाज के लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया और उनके संघर्षों को याद किया। कार्यक्रम का संचालन बिरसा मुंडा युवा समिति द्वारा किया गया। इस दौरान ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, इंदर भगत, शंकर बरला, मुनेश्वर बघेल, मुनेश्वर इंद्वार, किशुन बरला, देवरतन मुंडा, महेश मुंडा, मिला तिर्की, बल्केश्वर तिर्की, जगेश्वर भगत, डॉ. आजाद भगत, मान केश्वर भगत, जेआर प्रधान, शालिम केरकेट्टा, सोहरा बैगा, कनीलाल पटवारी, राजेश भगत, परमानंद मुंडा, रामरतन मुंडा, दिलराज मुंडा,अर्जन मुंडा, रामप्रताप मुंडा, सोनू मुंडा, भोला मुंडा, सुरेश मुंडा, शंभु मुंडा, विजय मुंडा, गौतम मुंडा, आदित्य मुंडा, कुलदीप मुंडा, मनोज मुंडा, संतोष मुंडा, शिवनाथ मुंडा, हरि नारायण मुंडा, चायमुनि मुंडा, सुनीता मुंडा, चिंतामणि मुंडा, सुजाता मुंडा, ललिता मुंडा, शिमला मुंडा, बिंदु मुंडा, अंजलि मुंडा, गुड्डी मुंडा, रिंकी, रानी, स्मिता मुंडा, सोनिया मुंडा, आरती मुंडा, सुनीता मुंडा, अनीता एक्का, ज्योति मुंडा, मंजू मुंडा सहित जनजाति समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## मंत्री नेताम ने दी 126 करोड़ की सौगात



**बलरामपुर।** भगवान बिरसा मुंडा के 150 जयंती पर जिले के ऑडिटोरियम प्रांगण बाजारपारा में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम शामिल हुए और स्वयं पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर बजाते हुए पर मुख्य मंच पर पहुंचे। कार्यक्रम में मंत्री श्री नेताम ने 126 करोड़ 82 लाख 65 हजार रूपये की लागत से तीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, तीन बालक आश्रम का भूमिपूजन तथा पीएम जनमन योजना के तहत बहुउद्देषीय आमाकोना का लोकार्पण किया।

मंत्री श्री नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मदिवस को पूरे भारत मे जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाया है। आदिवासी जनजाति के लिए ऐसा कोई पर्व नही था, परन्तु प्रधानमंत्री जी ने बिरसा मुंडा के जयंती को पूरे भारत का पर्व बना दिया है जिसे आज पूरा देश मना रहा है। समाज मे कई ऐसे महापुरुष है जो देश के लिए अपनी जान गंवाई है, उन्ही महापुरुषों में भगवान बिरसा मुंडा विशेष स्थान रखते है। कार्यक्रम के दौरान शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव अंतर्गत आज सभी विकासखंडों से आए नर्तक दलों ने पारंपरिक वेशभूषा और वाद्य यंत्रों के साथ आकर्षक प्रस्तुति दी। इसमें कुसमी विकासखंड के ग्राम खजुरी के नर्तक दल ने कर्मा नृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, जिपं अध्यक्ष श्रीमती हीरामुनी निकुंज, जिपं उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव, नपा अध्यक्ष लोधी राम एक्का, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य कृष्णा गुप्ता, कलेक्टर राजेंद्र कटारा, जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, सहित अन्य मौजूद थे।



### ग्राम पंचायत नीलकंठपुर में मनाई गई बिरसा मुंडा जयंती

कुसमी। गौरव जनजाति कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत नीलकंठपुर में विकासखंड स्तरीय बिरसा मुंडा जयंती सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बिरसा मुंडा की छाया चित्र पर पुष्प माला अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा एवं हिरामुनी निकुंज द्वारा बिरसा मुंडा जयंती पर उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के जनजाति के लिए जल,जंगल, जमीन बचाने का काम किए है जिससे आज हमारा जल,जंगल एवं जमीन बचा हुआ है। बिरसा मुंडा द्वारा कम उम्र में ही अंग्रेजों से लड़ाई करते हुए आदिवासी समाज की रक्षा की गई है। जिसके चलते आज हम सभी लोग स्वतंत्र रूप से अपना जीवन यापन कर रहे है।, आदिवासी के हित में बिरसा मुंडा जीवन भर अंग्रेजों से लड़ाई लड़कर जल , जंगल , जमीन सहित आदिवासी की संस्कृति की हमेशा रक्षा की है। बिरसा मुंडा को भगवान बिरसा मुंडा के रूप में हम सभी लोग मानते है तथा 15 नवंबर 2021 को भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धरती आब कार्यक्रम के तहत पूरे भारत देश में बिरसा मुंडा जयंती को प्रत्येक 15 नवंबर को हर वर्ष मनाने के लिए नियम बनाया गया है, जिसके तहत आज के इस कार्यक्रम को रांची , बिहार , सहित पूरे भारत देश में बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान जिपं अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद सीईओ अभिषेक पांडेय, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी के अलावा दीवान लक्ष्मी उरांव, रामचंद्र निकुंज, मंगल साय, उत्पल कुमार, सौरभ कुमार, शशि टोप्पो, लक्ष्मण सिंह पैकरा, जन्मजय सिंह, उमेश्वर ओझा, राकेश भारती, विनोद गुप्ता, इंदर निकुंज, मो. शमीम, उमेश सिंह सहित ग्राम पंचायत नीलकंठपुर के सरपंच सचिव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जन शिक्षण संस्थान में मनाया गया गौरव दिवस

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जनजातीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान में धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता सहित जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार कौशल केंद्र में




प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग, रंगोली, भाषण, निबंध तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. एजेंन टोप्पो ने कहा कि आज हम सब यहां पर बैठे हुए हैं और स्वतंत्र मन और मस्तिष्क से जो भी कार्य कर रहे हैं। कहीं घूम रहे हैं ये सब उन वीरों की देन है जिन्होंने कम उम्र में ही देश के लिए वो कुर्बानी दी, जो उस समय की जरूरत थी। उन्होंने बिरसा मुंडा के जीवन के कई पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने कैसे समाज को एकत्र कर आंदोलन किया और कम उम्र में ही देश के लिए बहुत कुछ कर गये ये हम सब के लिए उदाहरण है। सरगुजा साइंस ग्रुप के अंचल ओझा ने बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विद्रोह जिसे उलगुलान नाम से जाना जाता है इस पर विस्तार से बात रखी साथ ही समाज को संगठित करने और सामूहिक कृषि को बढ़ावा देने शुरू किए गये अभियान सहित अनेक बातों को रखते हुए बताया की क्यों उन्हें धरती आबा अर्थात पृथ्वी के पिता के रूप में जनजातीय समुदाय मानता है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम सिद्दीकी ने किया। इस दौरान रमेश कुमार, शुभांकर, रेणु यादव, गीता यादव, सुनीता, रुपाली विश्वकर्मा, कक्शा परवीन सहित अन्य मौजूद थे।

### बिरसा मुंडा जयंती पर एबीवीपी ने कराया रंगोली स्पर्धा

**बिश्रामपुर।** जनजातीय गौरव दिवस बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) बिश्रामपुर इकाई द्वारा राजकुमार पब्लिक स्कूल, बिश्रामपुर में भव्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महान स्वतंत्रता सेनानी व जननायक बिरसा मुंडा को समर्पित मनमोहक एवं आकर्षक रंगोलियाँ बनाई। विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से बिरसा मुंडा के संघर्ष,आदिवासी समाज के उत्थान हेतु उनके योगदान तथा समाज सुधार के संदेश को रंगोलियों के जरिए जीवंत रूप में प्रस्तुत किया,इस दौरान विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे रंगों और देशभक्ति की भावना से जागृत दिखा। यहाँ पर प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया,उक्त आयोजन में एबीवीपी बिश्रामपुर इकाई के रितेश कुमार यादव,बिट्टू भारती,दीपक राजवाड़े,रूद्र,अमन दास,रुद्रांश चतुर्वेदी, प्रतीक त्रिपाठी सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी सक्रिय रहे।






### बिरनीपारा में बिरसा मुंडा जयंती पर हुआ भव्य कार्यक्रम

**राजपुर।** जनपद पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत बुढ़ाबगीचा के बिरनीपारा में भगवान बिरसा मुण्डा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर खंड स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत ने की। कार्यक्रम में बच्चों ने जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवन यात्रा, उनके जल-जंगल-जमीन की रक्षा हेतु किए गए संघर्ष तथा उनके योगदान को भावपूर्ण स्मरण करते हुए समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप मुख्यमंत्री की पाती का वाचन भी किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के अंत में जनपद पंचायत द्वारा 16 समाज प्रमुखों को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की 12 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किया गया। कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को मसूर मिनीकिट तथा उद्यान विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को धनिया बीज का वितरण किया गया। इस दौरान जबकि जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, नपं अध्यक्ष धरमजीत सिंह, विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, जिपं सदस्य रविप्रताप सिंह मरावी, प्रदेश मंत्री भाजपा शिवनाथ यादव, मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, जनपद सीईओ संजय दुबे आदि मौजूद थे।

### लटोरी में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम लटोरी निवासी एक युवती ने घर में ही अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम लटोरी निवासी 22 वर्षीय अन्नू कुशवाहा पिता रामप्रवेश कुशवाहा ने शुक्रवार को अज्ञात कारणों से अपने घर में ही पंखे से दुपट्टा का फंदा बना आत्महत्या कर ली है,सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

आवश्यकता है

| विभाग | पद | योग्यता |
|---|---|---|
| नर्सिंग स्टाफ | 20 | BSC नर्सिंग/GNM/ANM (डिग्री रजिस्ट्रेशन अनिवार्य) |
| एकाउंटेंट | 1 | अनुभवी को प्राथमिकता |

डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, खरसिया रोड अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)
7240802000, 9926130600

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ डॉ. अमित जैन MS,MCH ( Neurosurgery ) IPGMER,Kolkata Minimal Invasive BrainAnd Spine Surgeon
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरी शंकर सिंह MBBS ( AFMC ) MD ( Psychiatry ) BHU
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर 1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस / सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशांत MBBS,MD ( General medicine ) DNB Neurology Resident RKCH Raipur
16 नवम्बर 2025, माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल , रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 14 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 15 नवंबर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
- चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
- पेशाब में जलन
- यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
- पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
- पेशाब का रंग लाल होना
- हॉथ और पैरों में कमजोरी
- डायबिटिक किडनी
- किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

## खबर संक्षेप



### उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर श्री श्याम सलोना परिवार ने मनाया द्वितीय वार्षिक उत्सव

**बिश्रामपुर।** उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर शनिवार की शाम अग्रसेन भवन में श्री श्याम सलोना परिवार का द्वितीय वार्षिक उत्सव भव्यता और उल्लास के साथ मनाया गया,जहां एक ओर भजनों की मधुर धुनों ने वातावरण को भक्तिमय बनाया,वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं की विशाल मौजूदगी ने इस आयोजन को यादगार बना दिया, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे नगर के बाहर से पधारे सुप्रसिद्ध भजन कलाकार निहारिका पुरोहित, अनुभव अग्रवाल और अभिषेक अग्रवाल,जिन्होंने अपने सुरों और भक्ति भाव से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया,श्याम तेरे बिना कौन हमारा और मेरे श्याम की रसोई निराली जैसे कई लोकप्रिय भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे, वार्षिक उत्सव की शोभा बढ़ाने 56 भोग, श्याम रसोई और प्रसाद वितरण भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे,पूरे आयोजन में भक्तों की अपार भीड़ देखने को मिली, जहां हर कोई बाबा श्याम की कृपा और भक्ति में खोया नजर आया, आयोजन को सफल बनाने में मनोज गोयल, राहुल सिंघल, विष्णु अग्रवाल, सनी अग्रवाल, विकास गोयल, सुमित मित्तल, आशुतोष जिंदल, राहुल मित्तल, नवीन गोयल, अमन गर्ग, गौरव अग्रवाल, यश अग्रवाल शुभम अग्रवाल, अमन अग्रवाल, सौरभ सिंह,नेहा तायल, सोनिया सिंघल व अन्य सक्रिय रहे।

### फुलवारी टीम ने जीता हीरो कप फुटबॉल प्रतियोगिता



**प्रतापपुर।** माझापारा में आयोजित हीरो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला फुलवारी और कुल्हाड़ी टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनो टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं बेहतर तालमेल के साथ्ज्ञ शानदार प्रदर्शन करते हुए फुलवारी टीम दो गोल से विजयी रही। मुख्य अतिथि पूर्व शक्कर कारखाना अध्यक्ष विद्या सागर सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यासागर ने कहा कि खेल से गांव-गांव तक नाम एवं पहचान बनती है। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना खेलना चाहिए। खेल से शारीरिक व्यायाम एवं खेल के प्रति रुचि रखने पर गांव से लेकर जिला सहित राज्य स्तर का भी नाम मिलता है। खेल मनोरंजन का एवं व्यायाम का सबसे बड़ा साधन है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि सुरेश चक्रधारी, सरपंच अजय सिंह, बालकृष्ण, मंगल सिंह, रामचंद्र के अलावा आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय रजवाड़े, कृष्ण सिंह तथा समिति के सभी सदस्य सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### प्रवक्ता चयन के लिए कांग्रेस पार्टी ने शुरू किया टैलेंट हंट प्रतियोगी अभियान

**बिश्रामपुर।** कांग्रेस ने इस बार अपने प्रवक्ता चयन प्रक्रिया को एक प्रतियोगी अभियान का रूप देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपने पहले टैलेंट हंट की शुरुआत कर दी है,प्रतियोगी अभियान अंतर्गत कांग्रेस पार्टी ने मीडिया पैनलिस्ट और प्रवक्ताओं बनने के इच्छुक लोगों के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश प्रवक्ता अनुपम फिलिप को अभियान का सरगुजा संभाग रीजनल कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है,टीम में पब्लिसिटी वॉलंटियर विष्णु सिंहदेव,टेक्निकल सपोर्ट पूनम सिंह,गुरप्रीत सिंह सिद्धू, सचिन मिश्रा और विकास श्रीवास्तव शामिल हैं,रीजनल कॉर्डिनेटर अनुपम फिलिप ने बताया कि यह एक चयन प्रक्रिया मात्र नहीं बल्कि आकांक्षी कार्यकर्ताओं की राजनैतिक समझ,संवाद क्षमता और मीडिया प्रबंधन के मूल्यांकन का अवसर है, चयनित प्रतिभागी को व्यक्तिगत साक्षात्कार और लिखित परीक्षा की कसौटी पर खरा उतरने पर विभिन्न स्तर पर मीडिया पैनलिस्ट और प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी,इस अभियान की खासियत यह है कि इसमें युवा, छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता, पेशेवर लोग भी शामिल हो सकते हैं,संभाग के सभी जिलों में इसके लिए टीम गठित की गई है,जिसमे शास्त्रांशु पाठक को जशपुर,अधिवक्ता सुनील सिंह को बलरामपुर रामानुजगंज, आशीष वर्मा को सरगुजा, ज़फर हैदर को सूरजपुर, अशोक जायसवाल को कोरिया और राजकुमार केशरवानी को मनेंद्रगढ़ जिले का जिला कॉर्डिनेटर बनाया गया है,प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 20 नवंबर तक निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे है, जिसके बाद आगामी प्रक्रियाएं पूर्ण की जाएगी।

### नयनपुर में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर चाकू से किया हमला, मामला दर्ज

**बिश्रामपुर।** पुरानी रंजिश पर नयनपुर गांव में एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है,जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नयनपुर में रविवार की सुबह पुरानी रंजिश पर जितेंद्र राजवाड़े पिता सुरेंद्र राजवाड़े ने गांव के ही प्रार्थी संजय राजवाड़े पिता सोमार साय के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से उस पर हमला कर दिया है,चाकू के हमले से संजय राजवाड़े के बाएं हाथ के अंगुली में चोट आई है,सूचना पर जयनगर पुलिस ने आरोपी जितेंद्र राजवाड़े के खिलाफ धारा 296, 126, 351, 118 (1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## 104 सोलर प्लांट में से 80 फीसदी ठप

# दूरस्थ गांवों में सोलर पावर प्लांट बंद, ढीबरी के सहारे कट रही ग्रामीणों की रातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखण्ड ओड़गी के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए विद्युत विस्तार सपना बन गया है। शासन की विशेष पहल पर क्रेडा द्वारा वर्ष 2012-13 में गांवों में सोलर पावर प्लांट एवं होम लाइट लगाए गए थे लेकिन देखरेख के अभाव में लगभग 80 फीसदी सोलर प्लांट एवं होम लाइट लम्बे समय से बंद पड़े हैं। वन बाधा के कारण वन ग्रामों में तो विद्युत विस्तार संभव नहीं है लेकिन राजस्व ग्रामों की स्थिति में भी बदलाव नहीं हो सका है।

**खास बात**

- राजस्व ग्राम भी प्रभावित, आज तक नहीं पहुंची बिजली

दूरस्थ चांदनी–बिहारपुर क्षेत्र की प्राकृतिक समृद्धि ग्रामीणों के विकास में बड़ी बाधा साबित हो रही है। वन बाधा होने के कारण न तो गांवों तक सड़के बन पा रही हैं न ही विद्युत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। आजादी के 78 साल गुजरने के बाद भी ग्रामीण ढीबरी के भरोसे जीवन यापन करने मजबूर हैं। विद्युत सुविधा उपलब्ध नहीं होने पर शासन द्वारा इन गांवों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का निर्णय लिया गया था। क्रेडा द्वारा इन ग्रामों में वर्ष 2012-13 में सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के साथ ही ग्रामीणों को अपने घरों को रोशन करने सोलर होम लाइट उपलब्ध कराया गया था। सोलर लाइट लगने से ग्रामीणों को बड़ी सुविधा मिली साथ ही उनके जीवन में सुधार आया। पांच साल का समय गुजरने के बाद सोलर पावर प्लांट एवं होम लाइट में खराबी आने लगी। लगातार शिकायतें मिलने के बाद विभाग ने कुछ स्थानों पर सुधार कार्य भी कराया लेकिन लम्बे समय तक ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल सका। हालत यह है क्रेडा द्वारा स्थापित 104 सोलर पावर प्लांट में से अधिकांश लम्बे समय से बंद पड़े है। कुछ चालू हैं भी तो बमुश्किल एक-दो घंटे ही रोशनी देते हैं। विभाग के अधिकारी 25 प्लांट को पूरी तरह बंद होने एवं 20 के एक-दो घंटे तक कार्य करने की बात स्वीकार कर रहे हैं लेकिन लम्बे समय से बंद प्लांटों के सुधार के लिए विभाग द्वारा अब तक कोई पहल नहीं की गई है। अधिकारी लम्बे समय से खराब पड़े प्लांटों की मरम्मत का प्रस्ताव शासन को भेजने एवं विभाग के पास बजट उपलब्ध नहीं होने की बात कह रहे हैं। इधर लाइट के अभाव में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है साथ ही ग्रामीणों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए कोई कारगर पहल नहीं कर रहे हैं।



घर में लगा विद्युत मीटर।

### राजस्व ग्रामों में भी नहीं सुविधा

क्षेत्र का बड़ा इलाका गुरू घासीदास तमोर पिंगला अभ्यारण्य से सटा है। साथ ही अनेक गांवों के इर्दगिर्द वनक्षेत्र है। संरक्षित वन क्षेत्र में बसे गांवों में वन बाधा के कारण विद्युत विस्तार संभव नहीं है। इन वन ग्रामों को रोशन करने के लिए सोलर पावर प्लांट के अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प नहीं है। वन बाधा के कारण लगातार प्रयासों के बावजूद राजस्व ग्रामों में भी अब तक विद्युत विस्तार नहीं हो सका है। विद्युत अधिकारी गांव-गांव में विद्युत विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि विद्युत वितरण कंपनी के राजस्व में वृद्धि हो सके लेकिन वन बाधा निराकरण की लम्बी प्रक्रिया के कारण इस कार्य में सफलता नहीं मिल पा रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस समस्या के निराकरण के लिए कारगर पहल नहीं कर रहे हैं।

### तीन साल पूर्व हुआ था सर्वे

शासन की पहल पर तीन साल पूर्व विद्युत अधिकारियों ने क्षेत्र में राजस्व ग्रामों में विद्युत विस्तार का सर्वे कराया था। बीच में छोटा जंगल पड़ने के कारण विभाग ने वन अधिकारियों से अनापत्ति मांगी थी। वन विभाग ने कुछ स्थानों के लिए अनापत्ति भी जारी की है। लेकिन वन क्षेत्र की स्वीकृति की प्रक्रिया लम्बी होने के कारण इन गांवों में अभी विद्युत विस्तार का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। विद्युत विभाग द्वारा सौभाग्य योजनान्तर्गत ओड़गी-खोड़ मार्ग के राजस्व गांवों में पूर्व में विद्युत विस्तार किया था। गांव में बिजली पहुंचने की खुशी में ग्राम खोड़ व इंजानी के ग्रामीणों ने अपने घरों में बिजली की वायरिंग करा ली। विभाग ने मीटर भी लगा दिया है लेकिन अभी तक विद्युत आपूर्ति चालू नहीं हो सकी है नाराज ग्रामीण गांव में विद्युत विस्तार के लिए रखे गए पोल व तार को उठाने नहीं दे रहे हैं। राजस्व गांवों में विद्युत विस्तार के लिए भूमिगत केबल कारगर हो सकता है लेकिन इसके लिए भी अनुमति आवश्यक है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

सर्वे एवं डीएफओ की अनापत्ति मिलने के बाद कुछ राजस्व ग्रामों में विद्युत विस्तार का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही आगे की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

-बसंत खेस
ईई, विद्युत विभाग

### नहीं है बजट

बंद पड़े सोलर पावर प्लांट के सुधार का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा गया है। विभाग के पास बजट उपलब्ध नहीं होने के कारण सुधार में विलंब हो रहा है।

-रणजीत यादव, अभियंता, क्रेडा



## मंत्री अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

लुण्ड्रा विधानसभा के कुन्नी क्षेत्र के लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 47 करोड रुपए के विभिन्न सड़क पुल पुलिया निर्माण कार्यों की सौगात मिली है। कुन्नी स्कूल मैदान में 47 करोड रुपए के सड़क, पुल पुलिया निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्नी का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज की उपस्थिति में मंत्री राजेश अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर लोकार्पण किया। सभी अतिथि कुन्नी स्कूल मैदान में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां पुजारी की उपस्थित में पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज और जनप्रतिनिधि ने वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ 47 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया है। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल और लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शशिकला विक्रम सिंह, जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि महंत, राकेश साहू, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, भैया लाल साहू, जिला पंचायत भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता रमन सिंह, मन्नू साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पीएस मार्को, एसडीएम वन सिंह नेताम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. स्वेच्छा सिंह, नायब तहसीलदार उमेश तिवारी, बीएमओ डॉ. ओपी प्रसाद, नेत्र सहायक अनिल मिश्रा विनोद भार्गव,अनिल गुप्ता जुगल राम, राजेंद्र टोप्पो, भोजराम राजवाड़े, गुड्डा राम, देवनारायण यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## फोरम फार फास्ट जस्टिस के तहत दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस एवं फोरम फोर फास्ट जस्टिस द्वारा दो दिवसीय नेशनल कनक्लेव का शुभारंभ 15 नवंबर को किया गया। कनक्लेव के तहत शहर के मल्टी पर्पज स्कूल मैदान से रैली निकाली गई।

- पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने किया उदघाटन

इस दौरान रैली में न्याय व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग और त्वरित न्याय तथा अपनी 11सूत्रीय मांग जिसमें ग्राम न्यायालय की स्थापना, राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पहाड़ी कोरवा के जाति में सुधार तथा उन्हें संरक्षण देने तथा अन्य मांगों के संकल्प को लेकर निकाली गई। रैली का शुभारंभ फोरम फॉर फास्ट जस्टिस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवान जी रैयानी द्वारा किया गया। रैली महामाया चौक होते हुए पीजी कॉलेज ऑटो डोरियम में सम्पन्न हुई जहां राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरुआत की गई।



इस अधिवेशन का उद्घाटन पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने किया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन देश की मौजूदा न्यायिक प्रणाली में कमियों, जनता की समस्याओं और समाधान के ठोस सुझावों पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम में देश महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में डेलिगेशन शामिल हुए। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. डीके सोनी ने बताया कि अधिवेशन में भगवान जी रैयानी, राज काचारू, मुख्तार अंसारी, नजीर खान, जया विंध्याला, बालू अक्कीसा, विनय कांबले, जेडी सिंह, प्रवीण पटेल, विपुल श्रीवास्तव, और अन्य राष्ट्रीय स्तर के विचारक एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने न्याय व्यवस्था की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था का मौजूदा बजट अत्यंत सीमित है, जिसके कारण न्याय प्रक्रिया प्रभावित होती है। वर्तमान में पूरे देश में लगभग 5 करोड़ से ज्यादा मामले न्यायालयों में लंबित हैं, और जो संसाधन अभी वर्तमान न्यायपालिका के पास उपलब्ध हैं उससे लंबित प्रकरणों के निपटारे में 324 साल लग जाएंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि न्याय के लिए अलग से और पर्याप्त बजट प्रावधान किया जाए, जिससे अदालतों के लिए ज्यादा न्यायाधीशों और न्यायिक कर्मचारियों, की नियुक्ति हो सके जिससे लंबित मामलों का तेजी से निपटारा संभव हो सके। अधिवेशन में वक्ताओं ने कहा कि न्याय केवल देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मिलने का अधिकार है, और इसके लिए एक तेज, पारदर्शी तथा संवेदनशील प्रणाली का निर्माण समय की मांग है। उक्त कार्यक्रम सामाजिक कार्यकर्ता नवनीकांत दत्ता, सत्यम द्विवेदी, डॉ. प्रशांत सम्मानित किया गया। मंच संचालन राहुल पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर सोसाइटी के सचिव इंजोर दास महंत, कोषाध्यक्ष एकांत सिंह, हैप्पी सोनी, प्रीति विश्वास, आस्था पांडेय, अजय गौतम, आलोक शुक्ला, राजन यादव, नीरज यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## तलवापारा में देर रात तेज ध्वनि में बजाया डीजे संचालक पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

देर रात तक तेज ध्वनि में डीजे और साउण्ड बाक्स सिस्टम बजाने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की है, बिना अनुमति के तेज आवाज में साउण्ड बाक्स सिस्टम बजाने की सूचना पर पुलिस ने साउण्ड बाक्स और एम्पलीफायर को जब्त कर साउण्ड सिस्टम संचालक एवं तेज ध्वनि से साउण्ड बाक्स बजाने वाले के विरूद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना प्रभारियों को डीजे संचालकों एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक लेकर डीजे व साउण्ड सिस्टम का उपयोग के लिए अनुमति लेने एवं निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे,इसी तारतम्य में गत दिनों बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर द्वारा क्षेत्र के डीजे संचालकों व गणमान्य नागरिकों की बैठक लेकर उच्च न्यायालय द्वारा जनहित में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए सख्त हिदायत दी थी कि विधिवत अनुमति लेकर और तय



वक्त में ही डीजे और साउण्ड बाक्स का उपयोग किया जाए।शनिवार की रात बिश्रामपुर पुलिस रात्रि गश्त पर थी,इसी बीच सूचना मिली कि नपं शिवनंदनपुर के तलवापारा में तेज ध्वनि से साउण्ड बाक्स बजाया जा रहा है,जिससे आमजन को काफी परेशानी हो रही है,सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बिना अनुमति के तेज आवाज से साउण्ड बाक्स बजाते पाए जाने पर 2 नग साउण्ड बाक्स व 1 नग एम्पलीफायर जब्त कर गुड्डु खुलेखीन देवांगन 46 वर्ष निवासी तलवापारा तथा साउण्ड सिस्टम संचालक विशाल गुप्ता 22 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर के विरूद्ध धारा 4, 5, 15 (1) कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## स्वास्थ्य मंत्री का जनपद उपाध्यक्ष ने किया स्वागत



**राजपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शनिवार को अपने एक दिवसीय अल्प प्रवास पर बलरामपुर जिले पहुंचे। वे यहां आयोजित जनजाति गौरव दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। कार्यक्रम से लौटते समय जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने अपने निवास पर समर्थकों के साथ मंत्री का पारंपरिक लोकगीत, पुष्पवर्षा, फूल-माला एवं आतिशबाजी के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने शारीरिक रूप से अस्वस्थ चल रहे राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक अग्रवाल से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा और उन्हें माला पहनाकर हौसला बढ़ाया। स्वागत कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, नपं अध्यक्ष धरम सिंह जिपं सदस्य रवि प्रताप मराबी, मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, कैलाश अग्रवाल, संतोष तिवारी, राकेश अग्रवाल, लमरु राम, आनंद गुप्ता, शुभम सोनी, बबलू, आशीष सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

# एक्स रे यूनिट नए आधुनिक भवन की गई शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में लंबे समय से मरीजों को हो रही असुविधा के कारण एक्स-रे यूनिट को अब नए और आधुनिक भवन बीपीएच यूनिट में शिफ्ट कर दिया गया है।

- सकरे गलीनुमा रास्ते से पहुँचने में मरीजों को होती थी परेशानी, बहुप्रतिक्षित मांग हुई पूरी
- वर्ष भर पूर्व सुशासन तिहार शिविर में मुख्यमंत्री के समक्ष सतपता के ग्रामीणों ने भी उठाया था मामला

गौरतलब है कि पहले एक्स रे यूनिट पुराने जर्जर भवन में संचालित हो रहा था जहां जाने का रास्ता काफी सकरा था,मरीजों और उनके परिजनों के लिए वहां तक पहुंचना बेहद मुश्किल होता था, यहां पतली गलीनुमा रास्ता और असुविधाजनक,बरसात में जलभराव,जिससे फिसलन और दुर्घटना की आशंका, मशीनरी को नुकसान का खतरा,व्हीलचेयर और स्ट्रेचर मरीजों को लाने ले जाने में परेशानी होती थी,कई मरीजों को कीचड़ भरे रास्तों से गुजरना पड़ता था,और कई बार जांच की तारीख को आगे करना पड़ जाता था, करीब वर्ष भर पूर्व जयनगर में लगे सुशासन तिहार शिविर में ग्राम सतपता निवासी ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के समक्ष सीएचसी बिश्रामपुर में जर्जर व सकरे भवन में संचालित हो रहे एक्स रे मशीन यूनिट का मामला उठाया थाएवं शीघ्र निराकरण की मांग की थी,तत्पश्चात कलेक्टर के निर्देश पर सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल ने स्थल निरीक्षण किया एवं शिकायत सही पाए जाने पर तत्काल एक्स रे यूनिट को नए भवन में स्थानांतरित करने का निर्देश बीएमओ को दिया था,लेकिन एसडीएम के निर्देश के बावजूद सुविधा व जगह के अभाव का हवाला देते हुए मामले को लंबित रख दिया गया।

मरीजों को निरंतर हो रही समस्या के कारण प्रशासन के सख्त निर्देश मिलने के बाद सक्रिय हुए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत ने तकनीकी टीम,रेडियोलॉजी विभाग और अस्पताल स्टाफ ने बिना सेवाएं बाधित किए पूरी व्यवस्था को नए भवन में स्थानांतरित कर दिया है,अब एक्स रे यूनिट बीपीएच भवन के अंदर मुख्य गेट के पास ही संचालित हो रही है,यहाँ हाई फंक्शनल यूनिट में मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।




online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354 411411